## टंकी पर चढ़ा युवक बमुश्किल उतारा

पीलीभीत, अमृत विचार : शहर से सटे गांव चंदोई में अब एक युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया। उसे बमश्किल नीचे उतारा जा सका। परिजन ने युवक को मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया है।

अभी कुछ दिन पहले ही सुनगढ़ी क्षेत्र में कांशीराम आवास कॉलोनी ईदगाह परिसर में एक मानसिक रूप से बीमार युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया था। जिसके बमुश्किल नीचे उतारकर परिजन के सुपुर्द कर दिया था। सोमवार को इसी तरह का मामला गांव चंदोई से सामने आया। 30 वर्षीय युवक दोपहर तीन बजे पानी की टंकी पर चढ़ गया। वहां से चीखने-चिल्लाने लगा। जब लोगों की नजर उस पर पड़ी तो भीड़ जमा हो गई। परिवार वाले भी आ गए। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। परिजन ने युवक को मानसिक रूप से बीमार बताया है। काफी देर बाद किसी तरह युवक को पुलिस की मदद से नीचे उतारकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया था। फिर उसे सुरक्षित उतार लिया गया था। वह मानसिक रुप से बीमार बताया गया है।

# ग्रामीण अंचलों में अब शिक्षा व सड़कों पर होगा फोकस

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले जिले के विधायक, ग्रामीण अंचलों में विकास कराने को दिए प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : तराई के जनपद पीलीभीत के विकास के लिए चारों विधायकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हुई मुलाकात के दौरान कई प्रस्ताव रखे हैं। खासकर शिक्षा एवं किसानों से जुड़ी दिक्कतों पर फोकस किया गया है। लंबे समय से चली आ रही माधोटांडा को ब्लॉक और गजरौला को नई तहसील के रूप में विकसित करने का भी आग्रह किया गया है। विधायकों की मानें तो मुख्यमंत्री की ओर से उन्हें आश्वस्त भी किया गया है।

- बजट सत्र के दौरान हुई मुख्यमंत्री से मुलाकात पर राज्यमंत्री और अन्य विधायकों ने खींचा विकास का खाका, दिए प्रस्ताव

बीते दो विधानसभा (2017 व 2022) में सूबे में योगी सरकार की वापसी के साथ ही जनपद की चारों विधानसभा सीटों सदर, बरखेड़ा, पूरनपुर और बीसलपुर पर कमल खिला। सदर विधायक संजय सिंह गंगवार को राज्यमंत्री बनाया गया। इसी के साथ लगातार जनपद को विकसित करने की तैयारी चल रही है। कई बार हुए भी और आगे भी विधायकों की ओर से मतदाताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने की तैयारी है। आगामी लोकसभा चुनाव भी नजदीक हैं। ऐसे में सरकार भी विकास के मुद्दों को लेकर खासा गंभीर है। अभी कुछ दिन पहले ही हुए बजट सत्र के दौरान अन्य जनपदों की तरह पीलीभीत से भी चारों जनप्रतिनिधि लखनऊ रहे। अपनी बातों को सदन में रखा गया। इसी बीच मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात के दौरान भी कई नए प्रस्ताव रखें हैं। मुख्यमंत्री की तरफ से राज्यमंत्री व अन्य विधायकों को आश्वस्त भी किया गया है। माना जा रहा है कि ये काम शुरू होने से विकास को रफ्तार मिलेगी और इसका लाभ जनता तक पहुंच सकेगा।

### कोतवाली से बरेली हाईवे को जोड़ने वाली सड़क का रखा प्रस्ताव



राज्यमंत्री एवं सदर विधायक संजय सिंह गंगवार ने मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात के दौरान गन्ना किसानों को राहत देने के लिए को ऑपरेटिव से जुड़ी दो नई चीनी मिलों का विस्तारीकरण और नवीनीकरण का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा कोतवाली गेट से बरेली हाईवे पर स्थित टाइगर तिराहा तक सीधी सड़क का प्रस्ताव रखा गया। इस दौरान बताया गया कि पहले ये सड़क थी। मगर इस पर कब्जे हो गए। इस मार्ग के बनने के बाद विकास को गति मिलेगी। शहरवासियों का भी मानना है कि इस मार्ग के बनने के बाद लाभ मिलना तय है। कोतवाली के आसपास गुजर बसर करने वाली आबादी और वाहनों की हाईवे तक आवाजाही में आ रही जाम की दिक्कत भी दूर हो सकेगी।

### बरखेड़ा में महिला डिग्री कॉलेज और गजरौला में बनेंतहसील



भाजपा के बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने छात्राओं की शिक्षा और क्षेत्र के ग्रामीणों को तहसील संबंधी कार्यों को कराने में आ रही दिक्कत से जुड़े दो मुख्य मुद्दे रखे गए। उन्होंने बताया कि बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए एक महिला महाविद्यालय की मांग की गई है। ताकि छात्राओं को आगे की पढ़ाई के लिए बाहर दौड़-भाग न करनी पड़े। इसके अलावा गजरौला को नई तहसील के रुप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया है। बता दें कि गजरौला में तहसील बनाने को लेकर लंबे समय से ग्रामीण भी मांग कर रहे हैं। अब एक बार फिर भाजपा विधायक की ओर से किए गए प्रयास के बाद ग्रामीणों की उम्मीद जागी है।

### बीसलपुर चीनी मिल का हो विस्तारीकरण



बीसलपुर विधानसभा सीट से कई बार विधायक रहे पूर्व राज्यमंत्री रामसरन वर्मा के पुत्र भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने अपनी बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए दो प्रमुख प्रस्ताव रखे। मुख्यमंत्री को उनके द्वारा अवगत कराया गया कि बीसलपुर चीनी मिल की स्थापना 1919 में हुई, जोकि जर्जर हो चुकी है। दो घंटे चलने के बाद दो दिन बंद हो जाती है। इसका नवीनीकरण और विस्तारीकरण किया जाए। दियोरियाकलां में डिग्री कॉलेज की मांग की। बताया कि अभी छात्र-छात्राओं को संबंधित क्षेत्र छात्र -छात्राओं को पढ़ने के लिए बिलसंडा या फिर बीसलपुर आना पड़ता है। जिसमें दोनों ही जगह से दूरी 20-20 किमी से कम नहीं है। खासकर छात्राओं को अधिक राहत मिलेगी।

### ओवरब्रिज, पुल और नए ब्लॉक समेत चार प्रस्ताव रखे



भाजपा के पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र के लिए चार प्रस्ताव रखे हैं। पूरनपुर चीनी मिल का विस्तारीकरण एवं नवीनीकरण कराने का आग्रह। मिल घाटे में चल रही है, ताकि उसे गति मिल सके और किसानों को लाभ। माधोटांडा रेलवे क्रासिंग पर जाम की दिक्कत अधिक रहती है। वहां पर फ्लाईओवर की आवश्यकता है। घंटों लोग जाम में फंसे रह जाते हैं। शारदा नदी पर पुल को लेकर भी प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा माधोटांडा को नया ब्लॉक बनाने का विशेष आग्रह किया है। माधोटांडा को ब्लॉक बनाने के लिए लंबे समय से वह प्रयासरत हैं।

## धान के खेतों में गन्ने की फसल दिखाकर बना दिए गए सट्टे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- किसानों ने डीएम से की शिकायत, डीसीओ को जांच कर कार्रवाई के निर्देश
- गन्ना पर्यवेक्षक पर गन्ना माफिया से साठगांठ करने का लगाया आरोप

अमृत विचार : गन्ना पर्यवेक्षक ने धान के खेतों में गन्ने की फसल दर्शाकर फर्जी सट्टा बना दिया। इतना ही नहीं गलत गन्ना सर्वे रिपोर्ट के आधार पर गन्ना माफिया को गन्ना पर्चियां भी जारी कर दी गईं। शिकायत पर डीएम ने जिला गन्ना अधिकारी को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

मामला विकास खंड मरौरी के गांव चिड़िया दाह का है। यहां के कुछ किसानों ने डीएम से शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि सर्किल क्षेत्र एक गन्ना पर्यवेक्षक ने कुछ गन्ना विहीन किसानों एवं गन्ना माफियाओं से सांठगाठ कर उनके नाम गन्ना क्षेत्रफल से अधिक क्षेत्रफल दर्शाकर फर्जी सट्टा बना दिया। जबकि राजस्व अभिलेखों के मुताबिक रकवे में गन्ने के अलावा धान, गेहूं आदि की फसलें बोई गई हैं।

गन्ना पर्यवेक्षक ने पूरी भूमि पर गन्ने की फसल दर्शा दिया। बताया कि एक गन्ना माफिया पर गांव के किसानों की जमीन ठेके पर लेकर गन्ने की फसल बोई थी। इस गन्ना माफिया के गन्ना सर्वे रिपोर्ट में धांधलेबाजी करते हुए फर्जी सट्टा बना दिया गया। अब गन्ना माफिया ठेके पर ली गई गन्ने की फसल के साथ छोटे किसानों से गन्ना खरीदकर अपनी गन्ना पर्चियों से बेसिक कोटा बढ़वाने के लिए गन्ने की आपूर्ति कर रहा है।

शिकायतकर्ताओं ने रकबे की जांच क्षेत्रीय लेखपाल से करवाकर फर्जी सट्टे एवं गन्ना आपूर्ति पर्चियों का भुगतान तत्काल बंद करवाने और फर्जी गन्ना सर्वे रिपोर्ट बनाने वाले गन्ना पर्यवेक्षक पर कार्रवाई करने की मांग की है। डीएम संजय कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला गन्ना अधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## रिक्त सीटों पर चुनाव कराने की मांग

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार : ब्लॉक प्रमुख कमलेश्वरी देवी के सितंबर में निधन से रिक्त हुई पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख सीट पर उप-चुनाव की मांग जोर पकड़ने लगी है। बीडीसी महासंघ ने मुख्यमंत्री को मांगपत्र भेजकर ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य और क्षेत्र पंचायत सदस्यों की खाली सीटों पर चुनाव कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र बीडीओ को सौंपा है।

सोमवार को दर्जनों क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) पांच सूत्रीय मांग लेकर ब्लॉक पहुंचे। कहा कि बीडीसी द्वारा दिए गए कार्यों को मनरेगा की कार्ययोजना में शामिल किया जाए। बीडीसी ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास और शोचालय के जिन लाभार्थियों की सूची दी है उन्हें जल्द लाभान्वित किया जाए। बीडीसी की शिकायत है कि ग्राम पंचायत की बैठकों में उन्हें बुलाया नहीं जाता है। हमारी मांग है कि क्षेत्र पंचायत सदस्यों को ग्राम पंचायत की बैठकों का एजेंडा जारी कर, उन्हें बैठक में आमंत्रित किया जाए। बीडीसी को मनरेगा के जरिये काम देने पर बीडीओ अरुण कुमार खुद ही प्रयासरत हैं। गत दिनों ब्लॉक प्रमुख की बैठक में वे इस बात को स्पष्ट कर चुके हैं। यहां तक कि उन्होंने सदस्यों ने अपने क्षेत्र के कार्यों के संबंध में प्रस्ताव भी मांगे हैं। सदस्यों की मांगों में सबसे प्रमुख ब्लॉक प्रमुख का चुनाव माना जा रहा है। बता दें कि सत्तारूढ़ पार्टी के अंदर से ही ब्लॉक प्रमुख के उप-चुनाव में तीन प्रमुख दावेदार हैं। इसमें दिवंगत ब्लॉक प्रमुख कमलेश्वरी देवी के परिवार से आशुतोष दीक्षित, अपूर्व सिंह और अतेंद्र पाल सिंह शामिल हैं। महिला सीट होने के नाते तीनों नेताओं के परिवार से उम्मीदवार होंगे। मांग पत्र देने वालों में अतेंद्र पाल सिंह, शोएब खान, महेश कुशवाहा समेत दर्जनों सदस्य शामिल रहे।



मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र बीडीओ अरुण कुमार को देते बीडीसी महासंघ के पदाधिकारी।

- ब्लॉक पहुंचे दर्जनों बीडीसी महासंघ के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र बीडीओ को सौंपा

## हिंसा करने वालों पर लगे रासुका नुकसान की जाए भरपाई

कार्यालय संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार : उत्तराखंड के हल्द्वानी में बीते दिनों भड़की हिंसा को लेकर महावीर सेना/दुर्गा सेना ने राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र सोमवार को तहसीलदार हबी उर्रहमान को सौंपा। इसमें हिंसा करने वालों के खिलाफ रासुका लगाने और संपत्तियों के नुकसान की भरपाई की मांग की गई।

बता दें कि दर्जनों कार्यकर्ता एकत्र होकर तहसील परिसर पहुंचे। जहां हिंसा को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। आरोप लगाया कि हल्द्वानी में सुनियोजित तरीके से हिंसा फैलाई गई थी। बरेली में भी माहौल बिगड़ते-बिगड़ते बचा। इनमें बहुसंख्यकों को निशाना बनाने का प्रयास किया गया। दोनों घटनाओं से जनमानस में दहशत का माहौल है। इससे समुदाय में रोष है। ज्ञापन देने वालों में रूप सिंह यादव, प्रेमपाल वर्मा, धर्मेंद्र मिश्रा, संजीव अग्रवाल, अनुज कुमार, अमित यादव, ओमकार पांडेय आदि थे।



तहसीलदार हबी उर्रहमान को ज्ञापन देते महावीर सेना के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## लालच देकर उड़ा लिए जेवरात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : बर्तन बिक्री करने गांव आई चार महिलाओं ने सात घरों की महिलाओं को झांसे में लेकर लाखों रुपये के जेवरात उड़ा लिए। पीड़ित महिलाओं के मुताबिक आरोपी महिलाओं ने उनको सम्मोहित कर घटना को अंजाम दिया। महिलाओं से शिकायत मिलने पर सुनगढ़ी पुलिस जांच में जुटी है।

- सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के रूपपुर कमालू गांव की घटना

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के गांव रूपपुर कमालू की सात परिवारों की महिलाओं ने सोमवार को थाना सुनगढ़ी पुलिस को दी तहरीर में कहा गया कि करीब दो माह से उनके गांव में चार महिलाएं बर्तन बेचने के लिए आ रही थीं जो पुराने बर्तनों को लेकर उन्हें नए बर्तन दे रही थीं। काफी दिनों से आने के कारण महिलाओं को उन पर विश्वास हो गया। कुछ दिनों के बाद महिलाओं ने चांदी व गारंटी की पायलें बदलकर लोगों को नई पायलें देने की बात कही। लालच देने पर कुछ महिलाएं उनके झांसे में आ गईं। इसके बाद सोना -चांदी के जेवरात और बर्तन आरोपियों ने उड़ा लिए। गांव निवासी चमन पत्नी ओमप्रकाश के घर से एक जोड़ झाले, सुनीता पत्नी धर्मपाल के घर से अंगूठी, मंगलसूत्र, चांदी की करधनी, पीतल की बाल्टी, पीतल के ही पांच बर्तन, उर्मिला पत्नी बाबूराम के घर से चांदी की जेवरी, अंजू पत्नी सचिन के घर से तीन पैंडल का सोने का मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, एक जोड़ जेवरी, मनीक्षा पत्नी रवि ओम का एक पैंडल, मंगलसूत्र, पीतल के बर्तन, कुकर, नत्थो देवी पत्नी ओमकार पांच पीतल के बर्तन और सीमा पत्नी विकास के चांदी की पायलें व चांदी के खरुआ ले गई। पीड़ितओं का कहना है कि उन्हें कुछ देर बाद इसकी भनक लगी। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी संजीव शुक्ला ने बताया कि महिलाओं ने शिकायती पत्र दिया है।



सुनगढ़ी थाने शिकायत करने पहुंची पीड़ित महिलाएं। ● अमृत विचार

## परिवार टूटने से बचाए अब मिला सम्मान



एसपी अतुल शर्मा के साथ सम्मानित पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : एसपी अतुल शर्मा ने सोमवार के परिवार परामर्श केंद्र/परिवार परामर्श प्रकोष्ठ में नियुक्त काउंसलर्स और पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इन सभी की मदद से कई परिवार टूटने से बचाए जा सके थे।

शनिवार को पुलिस लाइन में हुए कार्यक्रम के दौरान परिवार परामर्श प्रकोष्ठ प्रभारी नविता सिंह, कांस्टेबल मधुवाला, कौशल, शबनम, कंचन, रेशमा, कांउसलर लक्ष्मीकांत शर्मा, अब्दुल रशीद अंसारी, रंजना श्रीवास्तम, मोहन सिंह श्रीवास्तव, सजंय सिंह तोमर, मोहम्मद आरिफ, विनीत सक्सेना आदि पुरस्कृत किए गए।

## 30 निशक्तजनों को ट्राई साइकिलें बांटीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : निशक्तजन सेवा संस्थान की ओर से पूरनपुर रोड पर स्थित राइस मिल परिसर में मासिक शिविर सोमवार को लगाया गया। जिसमें दूर-दराज से 379 मरीज पहुंचे। पहले से पंजीकृत 30 निशक्तजनों को ट्राई साइकिलों का वितरण भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, नगर पालिका पीलीभीत की अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल आदि अतिथियों के हाथों कराया गया।

- 283 मरीजों को मिले चश्में 38 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किए गए चिह्नित

शिविर में रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल बरेली से आई डॉक्टरों की टीम ने मरीजों का परीक्षण किया। मोतियाबिंद ऑपरेशन होने योग्य 38 मरीजों को चिह्नित किया। जिन्हें बरेली भेजकर निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। उनके रहने, खाने, इलाज आदि की व्यवस्था भी कराई जाएगी। 57 मरीजों ने डेंटल वैन में अपने दांतों की चिकित्सा कराई। 283 मरीजों को चश्मा व दवा दी गईं। 14 विकलांगजनों ने ट्राई साइकिल के लिए और सात ने कान की मशीन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। संस्था के अध्यक्ष अमृतलाल ने बताया कि दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन आदि वितरित करने की व्यवस्था शीघ्र ही की जा रही है, जिसके लिए लोग संस्था सचिव अनिल कमल से संपर्क कर लें। संचालन चिरंजीव गौर ने किया। परवेज हनीफ, हाफिज जरीफ अंसारी, मोहम्म्द राशिद मलिक, बबीता सक्सेना, राजेंद्र सक्सेना आदि मौजूद रहे।



ट्राई साइकिल के लाभार्थियों के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल, संस्था अध्यक्ष अमृतलाल, सचिव अनिल कमल, पीसीयू स भापति सुरेश गंगवार ।।

## शिक्षिका ने पति पर दर्ज कराई रिपोर्ट

शाहजहांपुर : चौक कोतवाली के मोहल्ला बक्सरिया निवासी प्रगति कटियार ने बताया कि वह शिक्षा विभाग में अध्यापिका है। उसकी शादी एक साल पहले अमित कुमार निवासी मोहल्ला दुर्गा प्रसाद थाना बीसलपुर (पीलीभीत) से हुई थी। आरोप है कि कुछ माह बाद ससुराल वालों ने कार की मांग की। प्रगति मई, जून की छुट्टी में में ससुराल गई तो दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। उसका आरोप है कि पति शराब पीकर पीटता था और जेवर बेच दिया। छुट्टी खत्म होने पर वह मायके चली आई थी। अध्यापिका का आरोप है कि 17 दिसंबर 2023 को उसका पति अमित दोपहर 12 बजे यहां आया। दहेज की मांग को लेकर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि पति अमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस विवेचना कर रही है।

## टारगेट-41 अभियान का समापन, बांटे पर्चे



बांटे गए पर्चे दिखाते लोग व कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए शुरू किए गए उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के टारगेट 41 अभियान का सोमवार को समापन हुआ। अंतिम दिन मोहल्ला मुनीर खान, बेनी चौधरी में कार्यकर्ता पहुंचे और मुस्लिम-इलित मतदाताओं से संवाद किया। उन्हें कांग्रेस शासनकाल में हुए कार्यों और पार्टी की नीतियों से अवगत कराने को पर्चे भी बांटे गए। आगामी चुनाव में कांग्रेस/इंडिया गठबंधन का समर्थन करने की अपील की गई। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर अनीस, इश्तियाक अहमद अंसारी, मोहम्मद सादिक अल्वी, मोहम्मद जीशान अंसारी, मोहम्मद अफसार अंसारी, दिलशाद हुसैन, मोहम्मद नोमान, रियासत आदि मौजूद रहे।

## मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में पीलीभीत टीम रही उपविजेता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में पीलीभीत की टीम उपविजेता रही। जबकि बरेली की टीम विजेता चुनी गई है। मंडल स्तरीय पर उपविजेता चुनने जाने के बाद जिले की टीम लखनऊ में होने वाली राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। बीएसए ने टीम और उनके प्रशिक्षिकों को बधाई दी।

सोमवार को बरेली के डोरीलाल स्पोर्टस स्टेडियम में मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बरेली के अलावा शाहजहांपुर, बदायूं और पीलीभीत की टीम ने प्रतिभाग किया था। जिले से जिला व्यायाम शिक्षक राजीव मिश्र, पूर्व माध्यमिक अनुदेशक कल्याण समिति के प्रदेश संगठन मंत्री प्रखर मिश्र आदि अपनी टीम के साथ पहुंचे।

लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, बैडमिंटन, वॉलीबाल, कुश्ती और चक्का फेंक आदि प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें ओवरऑल चैपियन में बरेली विजेता और पीलीभीत की टीम उपविजेता चुनी गई। अब पीलीभीत की टीम 15 फरवरी को लखनऊ में होने वाली राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। जिसमें 50 से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। जिला व्यायाम शिक्षक राजीव मिश्र ने बताया कि पीलीभीत के इतिहास में पहली बार बेसिक शिक्षा में 50 से अधिक खिलाड़ी लखनऊ में स्टेट खेलने के लिए जाएंगे। जो हर्ष का विषय है। इधर, बीएसए अमित कुमार ने भी टीम की कामयाबी पर उन्हें बधाई दी है।



ट्रॉफी प्राप्त करती मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता की उपविजेता पीलीभीत टीम के खिलाड़ी।

- बरेली के डोरीलाल स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित हुई प्रतियोगिता
- अब 15 फरवरी को लखनऊ में स्टेट प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग

## 100 मीटर दौड़ में आलोक और मनीषा रहे प्रथम

संवाददाता, बीसलपुर

अमृत विचार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 47वां दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह सोमवार से शुरू हुआ। मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन शशि जायसवाल, नगर पालिकाध्यक्ष के पति भाजपा नेता अमन जायसवाल, प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण करके की। संचालन डॉ. पूर्णिमा भारद्वाज ने किया। पहले दिन छात्र-छात्राओं की 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, ऊंची कूद प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

100 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में आलोक दिवाकर प्रथम, प्रदीप भारती द्वितीय, सूर्य प्रताप सिंह तृतीय स्थान पर रहे। छात्राओं में मनीषा गंगवार प्रथम, अभिलाषा गंगवार द्वितीय, कसक सक्सेना तृतीय स्थान पर रहीं। छात्र वर्ग गोला प्रक्षेपण में नितेश कुमार प्रथम, पुष्पेंद्र कुमार द्वितीय रहे, जबकि छात्राओं में जीनत प्रथम, नेहा गंगवार द्वितीय, माधुरी तृतीय स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलों का विशेष महत्व होता है। शिक्षा अध्ययन के साथ-साथ खेलों में प्रतिभाग करने से शरीर पूर्णता निरोगी व स्वस्थ बना रहता है। नियमित अभ्यास, आत्मविश्वास और लगन से खेलों में सफलता हासिल होती है। प्राचार्य समेत अन्य स्टाफ ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर डॉ. विचित्र कुमार, डॉ. सुनील कुमार साहनी, डॉ. पवन कुमार त्रिवेदी, डॉ. रजत गंगवार, डॉ. महेंद्र पाल, जगदंबा कुमार गौड़, दिनेश कुमार, डॉ. महेश बाबू, डॉ. अलका मेहरा आदि मौजूद रहे। मंगलवार को समापन होगा।



दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र। ● अमृत विचार

- राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुरू हुआ 47वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह

## बस को बचाने में पलटी डीसीएम, चार घायल

पीलीभीत, अमृत विचार: असम हाईवे पर सोमवार सुबह गांव बिठौराकलां में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के पास सामने से आ रही बस को बचाने के प्रयास में डीसीएम अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। डीसीएम दिल्ली से लखीमपुर की तरफ जा रही थी। हादसे में गजरौला क्षेत्र के ग्राम पिपरिया कॉलोनी निवासी डीसीएम चालक दिनेश मिस्त्री, अर्जुन मंडल, लखीमपुर के कुरका कॉलोनी निवासी अवनीश समेत चार लोग घायल हो गए। डीसीएम में कपड़े और कुछ आर्टिफिशियल सामान था, जोकि दिल्ली से लाया गया था। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। वहां से परिजन उन्हें अपने साथ ले गए।

## डॉ ज्योत्सना का वाराणसी में हुआ सम्मान



विमोचन समारोह में बोलती ज्योत्सना गुप्ता।

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** नगर की अलीगंज रोड निवासी डॉ ज्योत्सना गुप्ता को वाराणसी में प्रभाश्री फाउंडेशन ने भाव प्रभा सम्मान से नवाजा और उनकी पुस्तक का विमोचन भी किया। वाराणसी में आयोजित सम्मान समारोह में परिवहन निगम गोला में कार्यरत शोभित गुप्ता की पत्नी डॉ ज्योत्सना गुप्ता को एहसासों के दरमियां और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विषय में लिखने के कारण प्रभाश्री फाउंडेशन वाराणसी द्वारा उन्हें भाव प्रभा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मुंबई से पधारे गीतकार समीर अंजान के हाथों दिया गया है। डॉ ज्योत्सना गुप्ता द्वारा लिखित एक पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

# अरसे से बदहाल जमुनहां में सड़क बननी शुरू

## लोगों ने सड़क बनने पर अमृत विचार का धन्यवाद किया है, बोले-खबर छपने पर शुरू हुई पहल

संवाददाता, बिझौली

**अमृत विचार:** श्रीनगर विधानसभा के गांव जमुनहां में कई साल से बदहाल पड़ी सड़क की ओर अमृत विचार के ध्यान खींचने के बाद आखिरकार सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस सड़क पर पानी भरा रहता था। सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। उन्होंने अमृत विचार का धन्यवाद किया है। पीलीभीत बस्ती मार्ग से लिंक मार्ग जमुनहा होते हुए बिझौली तक की सड़क की दूरी तीन किमी है। जमुनहा गांव में बीच सड़क पर गंदा पानी भरा रहता था। बरसात में इस सड़क का हाल नरकीय हो जाता है। ग्राम प्रधान अरविंद वर्मा के अथक प्रयासों से इस सड़क पर सीसी रोड का कार्य शुरू हो गया है।

**अमृत विचार ने बदहाल सड़क की खबर प्रकाशित की थी :** ग्रामीण बताते हैं कि लखीमपुर, रजागंज, गोला गोकर्णनाथ जाने के लिए इस मुख्य मार्ग से नेता हो या अधिकारी सभी गुजरते हैं, लेकिन आज तक किसी ने सुध नहीं ली। जमुनहा गांव के लोग नेता से लेकर अधिकारियों तक गुहार लगा चुके थे। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए अमृत विचार ने नारकीय जीवन जीने को विवश जमुनहा गांव के लोग और बदहाल सड़क की हालत की खबर प्रमुखता के साथ प्रकाशित की थी, जिसके बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने सड़क का निर्माण कार्य शुरू करा दिया।


सड़क बनी तालाब, निकलना हुआ मुश्किल

अखबार में छपी खबर की पीडीएफ।

- लिंक मार्ग जमुनहा होते हुए बिझौली तक है सड़क
- वर्षों से इस सड़क पर पानी भरा था, अब सूखे में चलेंगे ग्रामीण


जमुनहा गांव में बनाई जा रही सड़क। ● अमृत विचार


सड़क निर्माण काम शुरू होने के बाद स्थानीय लोगों में खुशी है। ग्राम प्रधान अरविंद वर्मा, ग्रामीणों ने अमृत विचार को धन्यवाद कहा। ग्राम प्रधान ने बताया कि जमुनहा में नाली निर्माण, सीसी रोड के किनारे दोनों तरफ सीमेंट की ईंट भी लगाई जाएगी, जिससे राहगीरों को किसी प्रकार की समस्या न हो।


इंटर में पढ़ने वाली छात्रा अनुप्रिया सिंह ने बताया कि रमुआपुर, जमुनहा गांव में बीच सड़क पर पानी भरा रहता था, जिससे निकलने में दिक्कत का सामना करना पड़ता था। अमृत विचार का धन्यवाद, जिन्होंने हमारी समस्याओं को अखबार के माध्यम से उजागर किया और आज सड़क बनना शुरू हो गई है।

# रोशननगर से बाबरपुर और बरगदिया खड़ंजा मार्ग जर्जर

संवाददाता, रोशननगर

**अमृत विचार:** पलिया विधानसभा क्षेत्र के ब्लाक बांकेगंज के रोशननगर से बाबरपुर, बरगदिया जाने वाला खड़ंजा मार्ग काफी जर्जर है। मार्ग की ओर जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे दर्जनों गांवों के लोग परेशान हो रहे हैं। बरगदिया में सिद्धार्थ इंटर कॉलेज हैं। कॉलेज प्रबंधक रामनरेश की पत्नी कुसुमा देवी वर्तमान में ब्लाक बांकेगंज की ब्लाक प्रमुख भी हैं। पलिया विधानसभा के भाजपा विधायक रोमी साहनी हैं। उसके बावजूद भी इस खड़ंजे की सुध नहीं ली जा रही है। बाबरपुर, बरगदिया, रामपुर गांव के ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से रोशननगर की साप्ताहिक बाजार, बैंक, पोस्ट आफिस, सोसाइटी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गोला आने जाने के लिए मुसीबत का सामना करना पड़ता है। बजाज चीनी मिल के लिये गन्ना भरी ट्राली निकालने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। हालत यह है कि कई जगह खड़ंजा उखड़कर गड्ढों में तब्दील हो चुका है। रामपुर, बाबरपुर, बरगदिया, अर्जुनपुर, मछोहा, लखैया, जमुनहां, रोशननगर, लक्ष्मनपुर सहित कई गांवों के लोगों का आना जाना रहता है, फिर भी कोई रोड को बनवाने ध्यान नहीं दे रहा है।


रोशननगर से बरगदिया का जर्जर खड़ंजा

- दर्जनों गांवों को जोड़ने वाले खड़ंजे की जनप्रतिनिधि नहीं ले रहे सुध

> बाबरपुर, बरगदिया, रोशननगर जर्जर खड़ंजा मार्ग जर्जर है। यह जानकारी भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने दी थी। इस मार्ग को जल्द बनवाने का प्रयास किया जाएगा।
> –रोमी साहनी, विधायक– पलिया।

# योग करने से निरोगी होता है शरीरः रेखा वर्मा



योग शिविर को संबोधित करतीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा। ● अमृत विचार

संवाददाता, मैगलगंज खीरी

- राष्ट्रीय उपाध्यक्ष औरंगाबाद में आयोजित शिविर में पहुंचीं

**अमृत विचार:** भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और सांसद रेखा वर्मा ने कहा है कि योग करने से शरीर निरोगी होता है। उन्होंने श्रीरामलला की मूर्ति स्थापना पर कहा कि पांच सौ वर्षों से अधिक समय बाद भारतीयों का सपना पूरा हुआ है।

श्रीरामलला अपने महल में विराजमान हो गए हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष औरंगाबाद कस्बे में आयोजित योग शिविर में सोमवार को पहुंचीं। भाजपा के मैगलगंज मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर तिवारी के आवास पर आयोजित योग शिविर में पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक शुक्ला वेदी, अंकुर तिवारी, कमलाकांत दीक्षित, अंकित तिवारी, हरी किशोर मिश्रा, पीयूष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## पंपिंग सेट लेकर जा रहे तीन भाइयों पर जानलेवा हमला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना खीरी के गांव भीरा घासी निवासी यासीन ने बताया कि रविवार की दोपहर बाद उसके भाई हसमत अली, नियामत अली और अजमत अली अपने खेत से पम्पिंग सेट लेकर घर वापस आ रहे थे। पुरानी रंजिश के कारण गांव के बाहर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय से पहले गांव के ही जावेद, शकील रहीमुद्दीन और जमील ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। तीनों भाई जान बचाने के लिए पड़ोस में रहने वाले डॉक्टर विनोद के घर घुस गए तो हमलावर भी पीछे से आ गए और पिटाई करने लगे। डॉ. विनोद की मां ने जब बीच बचाव की कोशिश की तो हमलवरों ने उनके पैर में लाठी मार दी, जिससे चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। विरोध करने पर आरोपी जान से मार देने की धमकी देकर भाग निकले।

# न्याय यात्रा का मकसद देश के हर व्यक्ति की स्थिति बेहतर करना

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश सचिव संजीव पांडेय ने बताया कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने के बाद उन्नाव, कानपुर, झांसी होते हुए मध्य प्रदेश जाएगी। कहा कि कांग्रेस पार्टी की सोच आज भी समाज के हर वर्ग अल्पसंख्यक, पिछड़ा, दलित, गरीब सभी वर्गों को सामजिक, आर्थिक न्याय की नीति से उत्थान कर सामाजिक बराबरी से उनका हक दिलाने की है।

राहुल गांधी की न्याय यात्रा का मकसद भी देश के हर व्यक्ति का सामाजिक, आर्थिक स्थिति को बेहतर करना है। कैप्टन मोनिश अली ने कहा जफर अली नकवी के सांसद रहते उनके कार्यकाल में वर्ष 2007 में खीरी जनपद को अल्पसंख्यक जिले का दर्जा दिलाने व जनपद में आईटीआई जैसे संस्थानों को खुलवाने व विशेष पैकेज के तौर पर 100 करोड़ का विशेष पैकेज जनपद के विकास के लिए उपलब्ध कराया था। नवनियुक्ति पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए। जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने उनका स्वागत किया। जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष यूसुफ खान, अनस खान, नबी शेर, सरदार दिलबाग सिंह, बलवंत सिंह, प्रवक्ता इम्तियाज अली खान आदि रहे। संचालन नेता दीपक वाजपेई ने किया।



कांग्रेस कार्यालय पर बैठक में बोलते प्रभारी संजीव पांडेय। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### प्रतापपुर में कैंप लगा स्वास्थ्य परीक्षण कर बांटी दवाएं



**बिलहरी।** ग्राम प्रतापपुर में गोला गोकर्णनाथ नीलकण्ठ हॉस्पिटल की तरफ से लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न रोगों को जांच हुई। दवाइयां दी गईं। प्रतापपुर में के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में निखिल और अंकित वर्मा ने जांचें कीं। डॉ पीके भार्गव, डॉ अवधेश, एएनएम रेखा, गायत्री, गोलू यादव, फार्मासिस्ट विशाल वर्मा, सूफिया, नीलकंठ हास्पिटल के संचालक बलबंत सिंह आदि ने लोगों को खानपान में सावधानी बरतने की सलाह दी।

### नितिन बने मिस्टर फेयरवेल, मनप्रीत बनीं मिस फेयरवेल




**पलिया कलां।** संपूर्णानगर रोड पर स्थित गोल्डन फ्लावर सीनियर सेकेंड्री स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। कार्यक्रम का आरंभ स्कूल चेयरमैन जसमेल सिंह मांगट आदि ने दीप जलाकर किया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विजेता छात्रों को उपहार भी दिए। शिक्षकों की वोटिंग में नितिन वर्मा मिस्टर फेयरवेल एवं मनप्रीत बालिया को मिस फेयरवेल चुना गया। नए सत्र के लिए अभिजल वर्मा को हेड ब्वॉय व रिमझिम सिंघल को हेड गर्ल चुना गया। विद्यालय प्रबंधक हरदीप कौर, उपचेयरमैन अमरप्रीत सिंह मांगट, रमनजीत कौर, प्रधानाचार्य श्याम महेंद्रू आदि मौजूद रहे।

### गांधी विद्यालय में विद्यार्थियों को वितरित किए प्रवेश पत्र



**गोला गोकर्णनाथ।** यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित ने हाईस्कूल के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्र बांट कर उनको अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने की शुभकामनाएं देते हुए वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा का महत्व बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से अच्छी तरह के साथ निर्भीक होकर प्रश्नपत्र हल करने का सुझाव दिया। परीक्षा प्रभारी रामसनेही, सहायक शिक्षक डॉ राजेश कुमार सहित सभी शिक्षकों ने अपने विषयों से संबंधित बच्चों को बोर्ड परीक्षा 2024 के संबंध में उपयोगी मार्गदर्शन दिया।

### ग्राम प्रधानों का उत्पीड़न बर्दास्त नहीं



**कुकरा।** प्रधान संघ के अध्यक्ष ओमकार सिंह के निवास बसलीपुर में ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा, ब्लॉक बांकेगंज के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, प्रधान सिकंदरपुर धनीराम, प्रधान बाबरपुर कधंईलाल, काकोरी प्रधान प्रतिनिधि सुखविंदर सिंह, जवाद अली के साथ मुलाकात कर प्रधान साथियों के साथ हो रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा ने प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रधान हरजिंदर सिंह को आशवस्त करते हुए कहा कि प्रधान के पंचायती निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए आंदोलन होगा, कोई भी अधिकारी ग्राम प्रधानों का किसी भी स्तर पर उत्पीड़न नहीं कर पाएगा। संगठन प्रधानों के हित में हर समय खड़ा है। किसी भी प्रधान का उत्पीड़न बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

### तिरुपति बालाजी मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया



**खंभारखेडा ( खीरी )।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खंभारखेडा में स्थित श्री तिरुपति बालाजी मंदिर का 10वां वार्षिकोत्सव सोमवार को बड़े धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के पुजारी विपिन कुमार शुक्ला ने मुख्य यजमान चीनी मिल के यूनिट हेड अवधेश गुप्ता द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कराया गया। हवन, पूजन और आरती के बाद सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही कन्याभोज कर भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ. एवी सिंह, धर्मेंद्र सिंह, चंद्रवीर सिंह, अविनाश तिवारी, डॉ. अनिल त्रिपाठी, अतुल सिंह, राजेश दुबे, वीरेंद्र सिंह, अतुल मिश्रा, अतुल सिंह, विक्रम सिंह भोगल, सतीश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# बार के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ल ने सोमवार को पलिया बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह के विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह एडवोकेट रहे।

मुख्य अतिथि ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीष द्विवेदी एड., उपाध्यक्ष राजाराम वर्मा, महामंत्री अरुण अवस्थी, संयुक्त मंत्री कमलेश कुमार, कोषाध्यक्ष उपेंद्र राणा, अंकेक्षक कमाल इदरीशी व पुस्तकालयाध्यक्ष अखिलेश राणा एडवोकेट को शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्य अतिथि अजय कुमार शुक्ला ने कहा कि स्वाधीनता संग्राम में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले अधिवक्ताओं ने अंग्रेजों की सभी चालें भांपकर देश आजाद कराने में जहां महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वहीं आजादी के बाद भी लोगों को न्याय दिलाने में वे पीछे नहीं हैं। उन्होंने इस मौके पर कई उदाहरण देते हुए शासन-प्रशासन और समाज में आई गिरावट का भी जिक्र किया। भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने भाजपा सरकार द्वारा अधिवक्ताओं के हित में की गई घोषणाओं का जिक्र कर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष पलिया केबी गुप्ता एड. सहित जिलाअधिवक्ता संघ के महामंत्री विश्वास श्रीवास्तव, तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता अशर्फीलाल, रामचंद्र अवस्थी, शारदा प्रसाद राणा आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर एसडीएम कार्तिकेय सिंह, तहसीलदार आरती यादव, कोतवाल विवेक उपाध्याय, तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव कुमार शुक्ला, अमित महाजन, अजीत सिंह, सुनील शुक्ला आदि मौजूद रहे। संचालन अधिवक्ता विकास गुप्ता ने किया।


नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते मुख्य अतिथि अजय कुमार शुक्ला।

- पलिया बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का शपथ कार्यक्रम

## मोहल्ले वालों के विरोध से बिजली कर्मी नहीं लगा पाए ट्रांसफार्मर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** विकास चौराहे के पास लगे छोटे ट्रांसफार्मर को हटाकर बड़ा ट्रांसफार्मर लगाने पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को मोहल्ले वालों का आक्रोश झेलना पड़ा। विरोध के स्वर तीखे होने पर उन्हें समान लेकर वापस लौटना पड़ा। बिजली विभाग के कर्मचारी विकास चौराहा के निकट हरनाम सिंह चक्की वाले की गली के पास बड़ा ट्रांसफार्मर लगाने पहुंचे जिसे मोहल्ले वालों के विरोध से नहीं लगा पाए। जेई और बिजली कर्मियों ने ट्रांसफार्मर रखने के लिए निर्माण करना प्रारंभ कराया जिस पर मकान स्वामी सहित तमाम लोगों ने विरोध दर्ज कराया। मोहल्ले वालों का कहना है कि गली में ट्रांसफार्मर से बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। पिछले साल दुर्घटना हो चुकी है। विरोध करने में मकान स्वामी गोविंद वर्मा, राजेश गुप्ता, विकास, दीपक गुप्ता, बलराम, नीरज तिवारी सहित तमाम मोहल्ले वाले मौजूद रहे।

# शिक्षकों को जनवरी माह का वेतन नहीं मिला

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचार :** सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को जनवरी माह का वेतन अभी तक नहीं मिला है। इससे उनके समक्ष परेशानियां बढ़ी हैं। अभी तक आधिकारिक तौर पर यह निश्चित नहीं हो पाया है कि वेतन कब निर्गत होगा। जिले में करीब 800 शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी इससे परेशान हैं। शासन ने जनवरी माह का वेतन मानव सम्पदा पोर्टल से निर्गत करने का आदेश था।

सहायता प्राप्त माध्यमिक कॉलेजों के शिक्षक मानव सम्पदा पोर्टल में तकनीकी खामी आने से दिक्कत में रहे। फीडिंग पूरी न होने के कारण वेतन लटक गया। संबंधित कालेजों से वेतन बिल पूर्व की भांति लिया गया, लेकिन अभी निर्गत इसलिए नहीं हुआ है, क्योंकि ऊपर से आदेश नहीं आया है। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि वेतन न मिलने से शिक्षकों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। शादी ब्याह का मौसम है, लेकिन मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। जो शिक्षक सुदूर अंचलों से हैं और केवल इसी पर निर्भर हैं, उनके समक्ष तो और जटिल समस्या उत्पन्न हो गई है। इस बाबत डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मानव संपदा पोर्टल पर फीडिंग पूरी न होने के कारण वेतन रोका गया है। शासन का आदेश है कि जब तक सौ प्रतिशत फीडिंग नहीं होगी, वेतन जारी नहीं होगा। फीडिंग का काम पूरा होते ही वेतन शिक्षकों के खातों में पोस्ट हो जाएगा।

> नव संपदा पोर्टल की खामी का शिकार शिक्षकों को बनाया जा रहा है। शासन की मंशानुसार पहली तारीख को वेतन मिल जाना चाहिए। समस्या का समाधान कर वेतन जल्द निर्गत किया जाए। –धीरेंद्र सिंह, अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट।

# पंप ऑपरेटरों ने नलकूप विभाग में नियुक्ति दिलाने की उठाई मांग

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त पंप ऑपरेटरों ने सिंचाई नलकूप विभाग में नियुक्ति दिलाने की मांग की है। ऑपरेटरों ने कहा है कि दो वर्षों तक अपरेंटिस कर चुके हैं, लेकिन इसके बाद उन्हें नौकरी नहीं दी जा रही है। बल्कि अप्रशिक्षित लोगों से काम कराया जा रहा है। पंप ऑपरेटरों ने मांग संबंधी ज्ञापन डीएम को दिया है। पंप आपरेटर सरोज कुमार, विशाल वर्मा आदि ने डीएम को दिए प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया है कि जनपद में करीब 820 नलकूप हैं, जिनमें आधे से अधिक नलकूपों पर तैनाती नहीं है। वर्तमान में एक नलकूप चालक द्वारा आठ से नौ नलकूप का संचालन कराया जा रहा है, जिससे सभी नलकूप संचालित नहीं हो पा रहे हैं। वहीं प्रशिक्षित ऑपरेटर बेरोजगार घूमने को विवश हैं।




## गायत्री महायज्ञ का समापन हुआ

**संसारपुर, अमृत विचार:** ब्लाक बांकेगंज की ग्राम पंचायत सिसनौर के गांव कुकुहापुर में चल रहे तीन दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन यज्ञोपवीत, मुंडन, गर्भ पूजन, शिक्षा संस्कार तथा भंडारे के साथ किया गया। कुकुहापुर में चल रहे तीन दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन सोमवार को पूर्णाहुति तथा भंडारे के साथ हुआ। सैकड़ों लोगों ने पूर्णाहुति देकर बुराई छोड़ने का संकल्प लिया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भीड़ अधिक होने से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया, जिसकी निगरानी ग्राम प्रधान मुनीश वर्मा स्वयं कर रहे थे। पुरोहित रामेश्वर सिंह चौहान ने पूर्णाहूति पर कहा कि आज का इंसान अचित्य चिंतन से परेशान है। चंद्रिका प्रसाद वर्मा, सुरेश चंद्र वर्मा, कीर्ति प्रकाश वर्मा, रवि कुमार, रोहित कुमार आदि श्रद्धालु, ग्राम वासी मौजूद रहे।

# छात्रों को संस्कृति का ज्ञान कराएं

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** संत आसाराम आश्रम शाहजहांपुर की योग वेदांत सेवा समिति के पदाधिकारियों ने सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ पितृ पूजन कराकर पाल्यों को अपने अभिभावकों के प्रति आदर और सम्मान बरकरार रखने पर जोर दिया। मोहल्ला मुन्नूगंज स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में हुए मातृ पितृ पूजन समारोह में संत श्री आसाराम आश्रम के दर्शन भाई ने विद्यार्थियों से अपने अभिभावकों की पूजा, माल्यार्पण, आरती, परिक्रमा कराई। पाल्यों की माताओं ने अपने बच्चों की पीठ पर हाथ फेरकर उन्हें आशीर्वाद दिया।

रिकार्डिंग गीतों के आधार पर मां की महिमा सुनाई। दर्शन भाई ने कहा कि सनातन संस्कृति को बरकरार रखने के लिए विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति का ज्ञान कराया जाए, ताकि आधुनिकता के दौर में बच्चे बिगड़ न सकें और भारतीय संस्कृति का विशेष ध्यान रखें। प्रधानाचार्य विजय प्रकाश मिश्र ने विद्यार्थियों को 14 फरवरी को होने वाले मातृ पितृ पूजन दिवस पर घरों में भी मनाने की अपील की। विद्यालय के सह प्रबंधक योग सेवा समिति शाहजहांपुर के अध्यक्ष सत्यप्रकाश अग्रवाल सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।


गोला के शिशु मंदिर में मां से आशीर्वाद लेते पाल्य। ● अमृत विचार

